# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

दिनांक 22/08/2024

पत्रांकः 1721/वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0/2024

सेवा में,

निदेशक,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।

**विषयः– शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत है कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक केलैण्डर के अनुसार कक्षाएं काफी समय पूर्व प्रारम्भ हो चुकी है परन्तु अभीतक संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय के UMS Portal पर छात्रों के पंजीकरण की कार्यवाही, टाइम–टेबुल तथा कक्षाओं में छात्रो की उपस्थिति का विवरण उपलब्ध नही कराया जा रहा है, जिस कारण भविष्य में छात्रों को उनके अध्ययन में नुकसान के साथ–साथ पाठ्यक्रमवार निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति न धारित करने के कारण परीक्षाओं से वंचित रहना पड़ सकता है।

अतः विगत मे आपसे की गयी अपेक्षा के क्रम में पुनः अनुरोध है कि समस्त शैक्षणिक गतिविधियों को सम्बन्धित पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित पाठ्यचर्या व Ordinance के अनुसार संचालित करते हुये छात्रों की उपस्थिति विवरण को UMS Portal पर दैनिक आधार पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही शैक्षणिक सत्र में सेमेस्टरवार अध्यापन दिवसों के सीमित होने के कारण यह भी कहने की अपेक्षा की गयी है कि संस्था में **कक्षाओं के संचालन को शीर्षस्थ प्राथमिकता दी जाये** एवं किसी भी परिस्थिति में निर्धारित समय सारणी के अनुसार कक्षाओं के संचालन की स्थिति से विचलन न किया जाये।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1–निजी सचिव, कुलपति, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2–वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, को सूचनार्थएवं।
3–कुलसचिव, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ ।
4–वेब मास्टर, को सम्बन्धित संस्थानों को ई0मेल0 के माध्यम से प्रेषित करने तथा वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5–गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक